# कार्यालय उपसंचालक पशु चिकित्सा सेवायें
# जिला–जांजगीर चांपा (छ.ग.)

ई–मेल ddvsjanjgir@gmail.com

क. 1934 / स्था.ब. / डी.एम.एफ / नियू. / 2021–22 जांजगीर, दिनांक 07.01.2022

प्रति,

उपसंचालक,
जनसंपर्क,
जिला– जांजगीर–चांपा (छ.ग.)

विषयः– डी.एम.एफ मद अंतर्गत सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी के पदों पर मानदेय पर (अस्थाई) भर्ती की निःशुल्क प्रेष विज्ञप्ति स्थानीय एवं राज्य स्तरीय समाचार पत्रों में प्रकाशित कराने बाबत्।

संदर्भः– कलेक्टर सह अध्यक्ष प्रबंधकारिणी समिति, जिला खनिज संस्थान न्यास, जिला जांजगीर–चांपा छ.ग. के प्रशासकीय स्वीकृति आदेश क्र. 210177929553 दिनांक 27.12.2021.

––00––

विषयांतर्गत लेख है कि जिले में विभागीय पशु चिकित्सा संस्थाओं में पशु चिकित्सा सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण हेतु रिक्त पदों की पूर्ति के संबंध में स्थानीय व्यवस्था के तहत् जिला प्रशासन के डी.एम.एफ. मद के अंतर्गत सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी के 10 पदों पर मानदेय पर (अस्थाई) भर्ती के लिये पात्र अभ्यर्थियों से निर्धारित प्रारूप में आवेदन पत्र आमंत्रित किया जाना है। इसके लिये इच्छुक पात्र उम्मीदवारों को निर्धारित प्रारूप में आवेदन उपसंचालक, पशु चिकित्सा सेवायें, जिला जांजगीर–चांपा (छ.ग.) में दिनांक 25.01.2022 तक प्रातः 11:00 बजे से सायं 5:00 बजे तक संबंधित पद के विरूद्ध भर्ती हेतु शैक्षणिक एवं अन्य आवश्यक दस्तावेजों की एक सेट स्व–प्रमाणित छयाप्रतियों के साथ निर्धारित समय तक सीधे अथवा रजिस्टर्ड डाक के माध्यम से जमा कराना अनिवार्य है। प्रेष विज्ञप्ति की प्रति मय आवेदन पत्र प्रारूप के साथ जांजगीर जिले की NIC की वेबसाईट www.janjgir-champa.gov.in पर अपलोड किया जाना है एवं कार्यालय उपसंचालक पशु चिकित्सा सेवायें, जिला जांजगीर–चांपा, समस्त विकासखण्ड स्तरीय पशु चिकित्सालयों एवं कार्यालय मुख्य कार्यपालन अधिकारी, समस्त जनपद पंचायत, जिला जांजगीर–चांपा के सूचना पटल पर प्रेष विज्ञप्ति / आवेदन पत्र प्रारूप चस्पा किया जाना है।

अतः प्रेष विज्ञप्ति की हार्ड कापी एवं पीडीएफ कॉपी संलग्न प्रेषित कर अनुरोध है कि स्थानीय एवं राज्य स्तरीय समाचार पत्रों में मानदेय पर (अस्थाई) भर्ती की निःशुल्क प्रेष विज्ञप्ति जारी करने का कष्ट करें।

**संलग्नः– प्रेष विज्ञप्ति की हार्ड कापी एवं पीडीएफ कॉपी।**

**उपसंचालक पशु चिकित्सा सेवायें**
**जिला जांजगीर चांपा (छ.ग.)**

क. 1935 / स्था.ब. / डी.एम.एफ / नियू. / 2021–22 जांजगीर, दिनांक 07.01.2022

प्रतिलिपि –

1. संचालक, पशु चिकित्सा सेवायें , छत्तीसगढ़, इन्द्रावती भवन, ब्लॉक–3, भूतल, अटल नगर, रायपुर की ओर सादर सूचनार्थ।
2. कलेक्टर, जिला–जांजगीर चाम्पा छ.ग. की ओर सादर सूचनार्थ।
3. प्रभारी NIC जिला जांजगीर चांपा छ.ग. को लेख है कि प्रेष विज्ञप्ति की प्रति मय आवेदन पत्र प्रारूप के साथ जांजगीर जिले की NIC वेबसाईट www.janjgir-champa.gov.in पर अपलोड करने का कष्ट करें।

**उपसंचालक पशु चिकित्सा सेवायें**
**जिला– जांजगीर–चाम्पा (छ.ग.)**

Scanned by CamScanner

# कार्यालय उपसंचालक पशु चिकित्सा सेवायें
## जिला–जांजगीर चांपा (छ.ग.)

ई–मेल ddvsjanjgir@gmail.com

क्र. 1936 / स्था.ब. / डी.एम.एफ / नियु. / 2021–22 जांजगीर, दिनांक 07/01/2022

## –::मानदेय पर (अस्थाई) भर्ती हेतु प्रेष विज्ञप्ति ::–

जिला जांजगीर–चांपा अंतर्गत विभागीय पशु चिकित्सा संस्थाओं में पशु चिकित्सा सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण करने हेतु रिक्त पदों की पूर्ति के संबंध में स्थानीय व्यवस्था के तहत् जिला प्रशासन के डी.एम.एफ. मद के अंतर्गत सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी के पदों पर मानदेय पर (अस्थाई) भर्ती के लिये पात्र अभ्यर्थियों से आवेदन आमंत्रित किया जाना है। इसके लिये इच्छुक पात्र उम्मीदवारों को कार्यालय उपसंचालक, पशु चिकित्सा सेवायें, जिला जांजगीर–चांपा (छ.ग.) में दिनांक 25.01.2022 को प्रातः 11:00 बजे से सायं 5:00 बजे तक संबंधित पद के विरूद्ध भर्ती हेतु शैक्षणिक एवं आवश्यक दस्तावेजों की आवेदन पत्र का एक सेट स्व–प्रमाणित छायाप्रतियों के साथ निर्धारित समय तक प्रस्तुत करना अनिवार्य है। मानदेय पर (अस्थाई) भर्ती हेतु रिक्त पदों का विवरण निम्नानुसार है–

| पद कोड | पदनाम | कार्यक्रम | एकमुश्त वेतन | रिक्त पद संख्या | अनुसूचित जनजाति | | | अनुसूचित जाति | | | अन्य पिछड़ा वर्ग | | | अनारक्षित | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | मुक्त | महिला | निःशक्त | मुक्त | महिला | निःशक्त | मुक्त | महिला | निःशक्त | मुक्त | महिला | निःशक्त |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 | 14 | 15 | 16 | 17 |
| 1. | सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी | DMF | 18420/– | 10 | 1 | 0 | 0 | 2 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 4 | 2 | 0 |

➢ **शैक्षणिक योग्यताः–**

| पद कोड | पदनाम | कार्यक्रम | योग्ता/Qualification |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1. | सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी | DMF | VETERINARY POLYTECHNIC (D.A.H- DIPLOMA IN ANIMAL HUSBANDRY) |

➢ **चयन प्रकियाः–**

- सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी पद हेतु शैक्षणिक योग्यता के प्राप्तांको के प्रतिशत का 90 प्रतिशत अंक एवं अनुभव के लिये अधिकतम 10 अंक (प्रत्येक वर्ष हेतु 02 अंक, जो अधिकतम 05 वर्षों के लिये ही होगा। शासकीय/अर्द्धशासकीय संस्थाओं के कार्यानुभव ही मान्य होंगे) निर्धारित है।
- सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी पद हेतु अंतिम चयन सूची, शैक्षणिक योग्यता के प्राप्तांकों के प्रतिशत का 90 प्रतिशत अंक एवं अनुभव के आधार पर प्राप्त अंकों को जोड़कर बनाई जाएगी।

➢ **आवश्यक शर्तेः–**

1) मानदेय पर (अस्थाई) भर्ती केवल 01 वर्ष के लिए होगी। नियुक्ति तिथि से 01 वर्ष उपरान्त सेवा स्वतः निरस्त मानी जावेगी।

Scanned by CamScanner

2) सेवा अवधि के दौरान प्रतिमाह एकमुश्त मानदेय, देय होगा। इसके अतिरिक्त किसी अन्य प्रकार के भत्ते/सुविधाएं देय नहीं होगी।
3) सेवा अवधि के दौरान वेतन में से किसी प्रकार की जी.पी.एफ./सी.पी.एफ. कटौती नहीं की जावेगी।
4) जिला खनिज न्यास (डी.एम.एफ.) एवं सी.एस.आर. मद से राशि/बंटन की उपलब्धता के अनुसार ही पदों की भर्ती एवं निरंतरता की जावेगी।
5) मात्र आवेदन करने पर ही किसी का चयन सुनिश्चित नही होगा। पद ग्रहण के समय सम्पूर्ण दस्तावेजों की मूल प्रति जांच की जावेगी। प्रमाण पत्र एवं अन्य वांछित दस्तावेज सही पाये जाने पर ही अभ्यर्थी को पद ग्रहण कराया जावेगा।
6) सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी पद पर नियुक्ति हेतु जांजगीर–चांपा जिले के मूल निवासी अभ्यर्थियों को प्राथमिकता दी जावेगी। जिले के मूल निवासी अभ्यर्थी नहीं मिलने की स्थिति में बिलासपुर संभाग के अन्य जिलों के अभ्यर्थियों से चयन की कार्यवाही की जावेगी।
7) भर्ती के संबंध में समस्त जानकारियां, जांजगीर–चांपा जिले की NIC की वेबसाईट www.janjgir-champa.gov.in पर अपलोड एवं अधोहस्ताक्षरी कार्यालय के सूचना पटल पर भी चस्पा की जावेगी।
8) प्रशासकीय कारणों से अधिसूचति रिक्तियों में पदों की संख्या घटाई व बढ़ाई अथवा भर्ती निरस्त की जा सकती है। चयन का पूरा अधिकार चयन समिति का होगा।
9) प्रतीक्षा सूची की वैधता केवल 01 वर्ष रहेगी। इस समयावधि में स्वीकृत नए पद अथवा त्याग–पत्र या किसी भी कारण से रिक्त होने वाले पदों को भी इसी प्रतीक्षा सूची से भरा जा सकेगा।
10) आवेदन पत्र के साथ संलग्न समस्त दस्तावेजों को अच्छी तरह से नस्तीबद्ध किया जावे तथा क्रमांक भी अंकित करें। आवेदन पत्र निर्धारित क्रम में ही व्यवस्थित करें। (1. आवेदन पत्र निर्धारित प्रारूप में, 2. निवास प्रमाण–पत्र, 3. आरक्षित वर्ग की स्थिति में जाति प्रमाण पत्र, 4. शैक्षणिक योग्यता प्रमाण–पत्र 10वी./12वीं/वेटनरी पॉलिटेक्निक डिप्लोमा का प्रमाण–पत्र मार्कशीट सहित, 5. अनुभव प्रमाण–पत्र एवं अन्य प्रमाण–पत्र, 6. एक वर्ष की सेवा हेतु संलग्न निर्धारित प्रारूप में शपथ पत्र)।
11) अभ्यर्थी आवेदन पत्र में निर्दिष्ट स्थान पर स्वयं का नवीनतम पासपोर्ट आकार का फोटो चस्पा कर स्व–प्रमाणित करें एवं आवश्यक सभी प्रमाण–पत्रों की स्व–प्रमाणित छायाप्रतियां अनिवार्यतः संलग्न करें।
12) शासकीय/अर्द्धशासकीय संस्था अथवा निजी संस्थानों में कार्यरत कर्मचारियों को उन संस्थाओं के नियोक्ता के अनापत्ति प्रमाण–पत्र सहित आवेदन पत्र प्रस्तुत किया जाना आवश्यक होगा, अन्यथा आवेदन पत्र विचारणीय नहीं होगा।
13) आवेदक की आयु दिनांक 01.01.2021 की स्थिति में न्यूनतम 18 वर्ष तथा अधिकतम 35 वर्ष होना चाहिए। आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थियों हेतु लागू आरक्षण नियमानुसार आयुसीमा में छूट प्रदान की जावेगी।
14) भर्ती प्रकिया के दौरान जिला प्रशासन द्वारा नियम एवं शर्तों में परिवर्तन होने पर आवेदकों को मान्य होगा।
15) भर्ती प्रकिया के दौरान होने वाले किसी भी विवाद एवं समस्या पर अंतिम निर्णय लेने का सर्वाधिकार जिलाधीश/कलेक्टर, जिला जांजगीर–चांपा छ.ग. को होगा, जो भी आवेदकों को मान्य एवं बंधनकारी होगा।
16) चयनित अभ्यर्थियों को कार्य में उपस्थित होने के पश्चात किसी भी समय नोटिस देकर मानेदय पर (अस्थाई) नियुक्ति समाप्त की जा सकती है। इसी प्रकार उक्त अभ्यर्थी को त्याग–पत्र देने के 01 माह पूर्व सूचना देना होगा अथवा एक माह का वेतन जमा करना अनिवार्य होगा।
17) एक माह से अधिक अवधि तक अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित पायें जाने पर सेवाएं स्वयमेव समाप्त मानी जावेगी।

Scanned by CamScanner

18) नियुक्ति अवधि में किसी भी प्रकार का धरना/हड़ताल इत्यादि में जाने की अनुमति नहीं होगी। धरना/हड़ताल करने पर नौकरी से वंचित करने का अधिकार, जिलाधीश/कलेक्टर, जिला जांजगीर–चांपा छ.ग. को होगा।

19) सेवा प्रदाता पदों से संबंधित काउन्सलिंग में जीवित पंजीयन प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। जीवित पंजीयन नहीं होने की स्थिति में आवेदन पत्र निरस्त कर दिया जावेगा।

20) नियुक्ति के पश्चात कार्यभार ग्रहण करने हेतु उपस्थिति के समय प्रत्येक चयनित अभ्यर्थी को जिला मेडिकल बोर्ड से मेडिकल फिटनेस सर्टिफिकेट प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। चिकित्सा परीक्षण में योग्य नहीं पाए जाने पर सेवा स्वतः समाप्त मानी जावेगी।

21) अभ्यर्थी को आवेदन पत्र के साथ संलग्न निर्धारित प्रारूप में 01 वर्ष की सेवा हेतु शपथ पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य है।

उपसंचालक पशु चिकित्सा सेवायें
जिला– जांजगीर–चाम्पा (छ.ग.)

Scanned by CamScanner

# –::आवेदन पत्र ::–

प्रति,

उपसंचालक

पशु चिकित्सा सेवायें

जिला– जांजगीर–चांपा (छ.ग.)

आपका विज्ञापन दिनांक ............/........../............ में विज्ञापित पद (पद का नाम लिखें) ..............................
के लिए मैं अपना आवेदन–पत्र प्रस्तुत कर रहा/रही हूँ।

1. आवेदक/आवेदिका का पूरा नाम (हिन्दी में) :– ...............................................................

आवेदक/आवेदिका का पूरा नाम (अंग्रेजी के कैपिटल लेटर में) :– ...............................................................

2. पिता/पति का नाम :– ...............................................................

3. माता का नाम :– ...............................................................

4. जन्मतिथि (अंको में) :– दिनांक...........माह .............वर्ष............

(शब्दों में) :– ...............................................................

5. जाति संवर्ग (सामान्य/अ.ज.जा./अ.जा./अ.पि.वर्ग) :– ...............................................................

(आरक्षित वर्ग का होने की स्थिति में सक्षम अधिकारी द्वारा जारी स्थाई जाति प्रमाण–पत्र संलग्न करें)

6. लिंग (पुरूष/महिला/अन्य) :– ...............................................................

7. अभ्यर्थी छ.ग. का मूल निवासी है या नहीं? :– ...............................................................

(सक्षम अधिकारी द्वारा जारी निवास प्रमाण–पत्र संलग्न करें) :– ...............................................................

8. क्या आप दिव्यांग श्रेणी के हैं? (हां/नहीं) :– ...............................................................

9. यदि हां तो दिव्यांगता का प्रतिशत एवं प्रकार :– ...............................................................

(जिला मेडिकल बोर्ड से जारी प्रमाण–पत्र संलग्न करें) :– ...............................................................

10. स्थाई निवास का पूर्ण पता :– ...............................................................

:– ...............................................................

:– ...............................................................

:– ...............................................................

11. वर्तमान पत्र व्यवहार का पूर्ण पता :– ...............................................................

:– ...............................................................

:– ...............................................................

:– ...............................................................

:– मोबाईल नम्बर ....................................

:– ईमेल आईडी ........................................

Scanned by CamScanner

**1. शैक्षणिक योग्यता:–**

| क्र. | उत्तीर्ण परीक्षा का नाम | बोर्ड / विश्वविद्यालय का नाम | परीक्षा उत्तीर्ण करने का वर्ष | परीक्षा का पूर्णांक | परीक्षा में प्राप्तांक | प्राप्तांक का प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |

**2. कार्यानुभव का विवरण:–**

| क्र. | संस्था का नाम | संस्था का प्रकार (शासकीय /सार्वजनिक/वित्तीय सहायता प्राप्त संस्था) | पदनाम | कार्य अवधि (अनुभव के कुल पूर्ण वर्ष) | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |

3. संलग्न सत्यापित प्रमाण–पत्रों की सूची व संख्या:–

1. 10वीं एवं 12वीं की अंकसूची
2. शैक्षणिक योग्यता की अंकसूची (सभी सेमेस्टर्स/वर्षों की)
3. भूतपूर्व सैनिक/स्वतंत्रता संग्राम–सेनानी का प्रमाण पत्र
4. संबंधित कौंसिल का पंजीयन प्रमाण पत्र
5. स्थाई जाति प्रमाण पत्र
6. दिव्यांगता संबंधी प्रमाण पत्र
7. मूल निवासी प्रमाण पत्र
8. अनुभव प्रमाण पत्र
9. अन्य प्रमाण पत्र
10. एक वर्ष की सेवा हेतु संलग्न निर्धारित प्रारूप में शपथ पत्र

आवेदक के हस्ताक्षर

**–::घोषणा–पत्र::–**

मैं, एतद् द्वारा घोषणा करता/करती हूँ कि इस आवेदन पत्र में दी गई समस्त जानकारियां पूर्णतः सत्य एवं पूर्ण है। जो किसी भी स्थिति में असत्य पाये जाने पर मेरी उम्मीदवारी निरस्त हो जावेगी तथा भर्ती संबंध मेरे सभी दावे समाप्त हो जायेंगे।

स्थान:– ...................................

दिनांक :– ..............................

आवेदक के हस्ताक्षर

Scanned by CamScanner

# शपथ–पत्र

(रू. 50 के गैर न्यायिक स्टाम्प में)

मैं शपथकर्ता ............................................ उम्र ........................ पिता/पति .........................................निवासी.............. .................. एतद् द्वारा निम्नानुसार शपथपूर्वक अभिकथन करता/करती हूँ कि–

1) जिला जांजगीर–चांपा में सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी की मानदेय पर (अस्थाई) भर्ती हेतु समस्त नियम एंवं शर्तें मेरे द्वारा भली–भांति पढ़ ली गई हैं।
2) यह नियुक्ति पूर्णतः अस्थाई है, जिसमें मेरी सेवायें नियमों के तहत निर्धारित समय–सीमा 01 वर्ष पूर्ण करने के उपरान्त सेवा स्वतः समाप्त हो जावेगी, जो मुझे मान्य है। मैं इसमें किसी प्रकार का दावा आपत्ति/न्यायालय में जाने के लिये अधिकृत नहीं रहूँगा/रहूँगी।

शपथकर्ता

## //सत्यापन//

मैं शपथकर्ता........................................................उम्र .........................पिता/पति .........................................निवासी............ ................................ उपरोक्त शपथकर्ता यह सत्यापित करता/करती हूँ कि इस शपथ पत्र की कंडिका एक एवं दो तक लिखी सभी बातें मेरे निजी ज्ञान एवं जानकारी अनुसार सत्य एवं सही है। अतः आज दिनांक को स्थान ............................ में इस पर अपने हस्ताक्षर किया।

दिनांक–

शपथकर्ता

Scanned by CamScanner

# कार्यालय उपसंचालक पशु चिकित्सा सेवायें
# जिला–जांजगीर चांपा (छ.ग.)

ई–मेल ddvsjanjgir@gmail.com


क्र.1927 / स्था.ब. / डी.एम.एफ / नियू. / 2021–22 जांजगीर, दिनांक 07/04/2022

## –::मानदेय पर (अस्थाई) भर्ती हेतु प्रेष विज्ञप्ति::–

जिला जांजगीर–चांपा अंतर्गत विभागीय पशु चिकित्सा संस्थाओं में पशु चिकित्सा सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण करने हेतु रिक्त पदों की पूर्ति के संबंध में स्थानीय व्यवस्था के तहत् जिला प्रशासन के डी.एम. एफ. मद के अंतर्गत सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी के पदों पर मानदेय पर (अस्थाई) भर्ती के लिये पात्र अभ्यर्थियों से आवेदन आमंत्रित किया जा रहा है। जिसके लिये इच्छुक पात्र उम्मीदवारों को कार्यालय उपसंचालक, पशु चिकित्सा सेवायें, जिला जांजगीर–चांपा (छ.ग.) में दिनांक 25.01.2022 तक प्रातः 11:00 बजे से सायं 5:00 बजे तक संबंधित पद के विरूद्ध भर्ती हेतु आवश्यक दस्तावेजों के साथ एक सेट स्व–प्रमाणित आवेदन पत्र निर्धारित समय तक प्रस्तुत करें। प्रेष विज्ञप्ति की प्रति मय आवेदन पत्र प्रारूप के साथ जांजगीर–चांपा जिले की **NIC** की वेबसाईट **www.janjgir-champa.gov.in** पर अपलोड किया गया है एवं कार्यालय, उपसंचालक पशु चिकित्सा सेवायें, जिला जांजगीर–चांपा, समस्त विकासखण्ड स्तरीय पशु चिकित्सालयों एवं कार्यालय मुख्य कार्यपालन अधिकारी, समस्त जनपद पंचायत, जिला जांजगीर–चांपा के सूचना पटल पर प्रेष विज्ञप्ति /आवेदन पत्र प्रारूप चस्पा की गई हैं।

**उपसंचालक पशु चिकित्सा सेवायें**
**जिला– जांजगीर–चाम्पा (छ.ग.)**

Scanned by CamScanner